प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 87/2019)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, 9 अक्टूबर, 2019

विषयः भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा "प्रसारण क्षेत्र में नए रुझान" पर 9 से 11 अक्टूबर 2019 तक नई दिल्ली, भारत में संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा "प्रसारण क्षेत्र में नए रुझान" पर 9 से 11 अक्टूबर 2019 तक नई दिल्ली, भारत में संयुक्त रूप से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन, आज प्रारंभिक सत्र में अध्यक्ष टीडीसैट, माननीय श्री न्यायमूर्ति शिवा कीर्ति सिंह द्वारा किया। उद्‌घाटन भाषण देते हुए, उन्होंने प्रसारण क्षेत्र में अभिसरित नेटवर्क और उभरती प्रौद्योगिकियों के महत्व और लाभों पर जोर दिया। डॉ. आर.एस. शर्मा, अध्यक्ष भादूविप्रा ने अपने मुख्य भाषण में, मौजूदा प्रसारण क्षेत्र, नई प्रवृत्तियों और प्रौद्योगिकियों और अभिसरण से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में बताया। उद्‌घाटन समारोह में श्री अमित खरे, सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) के अलावा भादूविप्रा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। श्री अमित खरे, सचिव, एमआईबी ने आयोजन के मुख्य विषय पर अपना दृष्टिकोण बताया। भादूविप्रा के सचिव श्री सुनील कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम और ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आईटीयू और भादूविप्रा के बीच संयुक्त पहल के बारे में बात की। एशिया प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, श्री समीर शर्मा, आईटीयू ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में आईटीयू के अधिदेश के बारे में बात की और उन्होंने नई दिल्ली, भारत में इसे आयोजित करने के लिए भादूविप्रा को भी धन्यवाद दिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य रूप से एशिया–प्रशांत क्षेत्र के 17 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में घरेलू प्रतिभागी शामिल होंगे, जो विभिन्न हितधारकों जैसे सरकारी विभागों, प्रसारकों, डीटीएच और केबल उद्योग के वितरकों, विभिन्न ओटीटी कंपनियों, शिक्षाविदों आदि का प्रतिनिधित्व करते हैं।

नई तकनीकों के आने और उपकरणों और सेवा प्रावधान के आसन्न अभिसरण के साथ, भारत में प्रसारण क्षेत्र उच्च विकास के चरण में है। देश में ब्रॉडबैंड की पैठ भी बढ़ रही है। अधिक निजी कंपनियों द्वारा अपने ओएफसी नेटवर्क को चालू करने से, ट्रिपल प्ले और क्वाड्रुपल प्ले सेवाओं की उपलब्धता एक वास्तविकता बन रही है। हितधारक जैसे प्रसारक, टीएसपी, आईएसपी, मल्टी सिस्टम ऑपरेटर, डीटीएच ऑपरेटर आदि अपनी सेवा की पेशकश को बढ़ाने के लिए नए बिजनेस मॉडल अपना रहे हैं। उभरते अभिसरण और नई सेवाएं दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्रों के नियामकों के लिए नई नियामक और नीतिगत चुनौतियां पेश कर रही हैं। इस संदर्भ में, इस आईटीयू–भादूविप्रा अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 2019 का उद्देश्य उभरते नीति और नियामक मुद्दों का समाधान करना है।

इस 3 दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई सत्र होंगे जो प्रौद्योगिकी से संबंधित विषयों जैसे 'ओटीटी के लिए बिजनेस मॉडल', 'केबल टीवी नेटवर्क पर ब्रॉडबैंड', 'ब्रॉड कॉस्ट ऑफ–लोड टेक्नोलॉजी', 'एआई, एमएल और साइबर सुरक्षा आदि से संबंधित हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्तमान स्थिति, रुझान, प्रसारण क्षेत्र में नई तकनीकों, डिजिटल प्रसारण परिवर्तनकाल पर एपीएसी क्षेत्र में आईटीयू सहायता से संबंधित कई प्रासंगिक मुद्दों का समाधान प्रस्तुत करेगा। इसके अलावा, कैसे सीडीएन सेवाओं और अपने व्यवसाय मॉडल की पेशकश या कार्यान्वयन के दौरान अपने–अपने नेटवर्क पर ओवर द एयर अपने परंपरागत प्रसारण और आईपीटीवी डिलीवरी के समय प्रसारक और दूरसंचार कंपनियां ओटीटी को प्रभावित कर सकती हैं।

यह कार्यक्रम मीडिया उपभोग उपकरणों के क्षेत्र में उभरते रुझानों और विकास पर भी बात करेगा, यह मीडिया की खपत के वितरण और पैटर्न को कैसे प्रभावित कर रहा है और रेटिंग के क्षेत्र में नवीनतम विकास को कैसे पेश करें और विभिन्न माध्यमों एवं प्लेटफार्म के जरिये व्यूवरशिप का मूल्यांकन कैसे किया जाए, आदि पर भी इसमें प्रकाश डाला जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इन सभी उभरते क्षेत्रों में संभावित सहयोग के लिए अनुभव और सफल मामला अध्ययन को साझा करके संस्थागत क्षमता के निर्माण में सहायता करेगा। कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए जरूर घटकों के बारे में बताएगा कि नियामक उपाय नए वातावरण के लिए प्रासंगिक और उपयुक्त रहें। यह भारतीय अनुभवों और सीखे गए सबकों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभवों को साझा करेगा।

भादूविप्रा ने विभिन्न दूरसंचार विषयों पर अतीत में ऐसे कई अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने में आईटीयू के साथ सहयोग किया है। हालांकि, यह भादूविप्रा और आईटीयू का ओटीटी के विषय पर फोकस के साथ प्रसारण में उभरते रुझानों पर अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया श्री जोसेफ मनोहरन, उप सलाहकार (अंतर्राष्ट्रीय संबंध), भादूविप्रा से +9 1–11–2366421 (कार्यालय) या ईमेलः irdivision@tra i.gov.in द्वारा संपर्क करें।

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।